सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 भाद्र 05, गुरुवार, शाके 1948– अगस्त 27, 2026 अंक 22
Vol. 78 Bhadra 05 , Thursday, Saka 1948 –August 27, 2026 No. 22

भाग 7
विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, हंसराज मीना पुत्र हनुमान मीना, उम्र 23, जाति मीना, निवासी धरमपुरी तह कोटखावदा, जयपुर राजस्थान 303908 का रहने वाला हूं। मैं सशपथपूर्वक बयान करता हूं कि :–

1. यह है कि मैं उक्त पते का निवासी हूं।
2. यह है कि मेरे पुत्र आयुष मीना (AYUSH MEENA) का जन्म सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चाकसू जयपुर में हुआ है, मैंने मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र चाकसू जयपुर से बनवाया है।
3. यह है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र जिसके रजिस्ट्रीकरण संख्या 08110004000003400583 /2024 में मेरे पुत्र का नाम रिहान मीना (RIHAN MEENA) दर्ज कर दिया है। जो कि पूर्णतया गलत है।
4. महोदय मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण–पत्र में मेरे पुत्र का नाम रिहान मीना (RIHAN MEENA) के स्थान पर आयुष मीना (AYUSH MEENA) दर्ज करने की कृपा करें।
5. यह है कि उपरोक्त मूल जन्म प्रमाण–पत्र को जमा कर इसके स्थान पर दूसरा जन्म प्रमाण–पत्र बनाकर दिलाया जावे जिसके लिए मेरा शपथ–पत्र पेश है।
6. यह है कि भविष्य में मेरे पुत्र को आयुष मीना (AYUSH MEENA) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावेगा।

हंसराज
ह. शपथग्रहीता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहीता सत्यापित करता हूं कि उक्त शपथ–पत्र में मेरे द्वारा दिया गया विवरण सही व सत्य लिखाया गया है। ईश्वर मेरी मदद करें।

हंसराज
ह. शपथग्रहीता

ATTESTED
JAGDISH NARAYAN GURJAR
08-06-2026
NOTARY PUBLIC
CHAKSU, DISTT. JAIPUR (RAJ.). INDIA
18472

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।